निदेशालय, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।

पत्रांक–C-511/बा0वि0परि0/पो0 एवं स्वा0/2022–23. दिनांक : 16/08/2022

समस्त जिला कार्यक्रम अधिकारी/प्रभारी।
उत्तर प्रदेश।

विषय– पोषण ट्रैकर पर पंजीकृत लाभार्थियों के आधार सीडिंग के सम्बन्ध में।

उपर्युक्त विषयक निदेशालय पत्र संख्या 1165–68 दिनांक– 21.06.2022 का सन्दर्भ ग्रहण करें, जिसके द्वारा आपकों पोषण ट्रैकर में पंजीकृत समस्त श्रेणी के लाभार्थियों का आधार फीडिंग कराने के साथ ही जिन लाभार्थियों के आधार अब तक नहीं बने है, उनका आधार बनवाते हुये पोषण ट्रैकर में 15.07.2022 तक अंकित कराने हेतु निर्देशित किया गया था।

उक्त के कम में अवगत कराना है कि महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार, नई दिल्ली के अर्द्धशासकीय पत्र संख्या – सी –डी– ।।।–17 /11/ 2021– सीडी –।।।(ई–96766) दिनांक–19 जुलाई, 2022 (प्रति सलंग्न) द्वारा पोषण ट्रैकर पर लाभार्थियों के आधार पंजीकरण तिथि को विस्तारित कर दिनांक–31.08.2022 तक कर दिया गया है।

अतः आपको निर्देशित किया जाता है कि विशेष प्राथमिकता के आधार पर अवशेष लाभार्थियों का आधार बनवाते हुये पोषण ट्रैकर में दिनांक–31.08.2022 तक फीड कराना सुनिश्चित करें। यदि पोषण ट्रैकर में आंगनबाडी केन्द्र के लाभार्थियों का आधार फीडिंग न होने के कारण कम लाभार्थियों के लिए अनुपूरक पुष्टाहार का आपूर्ति निर्देश निर्गत होता है तो इस हेतु सम्बन्धित बाल विकास परियोजना अधिकारी एवं जिला कार्यक्रम अधिकारी का उत्तरदायित्व निर्धारित किया जायेगा।

सलंग्नक–यथोक्त।

aanganwadiuttarpradesh.com

(कपिल सिंह)
निदेशक।

पृष्ठांकन संख्या– /तददिनांक

प्रतिलिपि– निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1– सचिव, बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार, उ0प्र0, शासन।
2– समस्त जिलाधिकारी, उ0प्र0।
3– समस्त मुख्य विकास अधिकारी, उ0प्र0।

(कपिल सिंह)
निदेशक।